# आकाशवाणी शिमला
## 26.6.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

**मुख्य समाचार**

- भाजपा सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से चुने गए 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दी बधाई।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–आगामी मॉनसून सीजन के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार।
- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनावों के लिए 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में।
- तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों को लेकर सूचना व प्रसारण मंत्रालय के तहत पी.आई.बी. द्वारा शिमला में वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन।
- अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर प्रदेशभर में अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

**लोकसभा अध्यक्ष**

भाजपा सांसद ओम बिरला को आज ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, ओम बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। सदन की बैठक शुरू होने पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 12 अन्य नेताओं ने ओम बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश किया। अपने संबोधन में ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संसदीय मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करना उनकी प्राथमिकताएं होंगी। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सदन को उनकी अंतर्दृष्टि और अनुभव से बहुत फायदा होगा। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने ओम बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।

**बिंदल**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने ओम बिरला को फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के पहले दिन ही आपातकाल पर प्रस्ताव लाने की प्रशंसा की और इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ये लोकसभा अध्यक्ष की सबसे बड़ी पहल है जिससे साबित होता है कि लोकतंत्र से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान में 5 संशोधन किए जिनका लक्ष्य सारी शक्तियों का केन्द्रीयकरण करना, न्यायपालिका पर नियंत्रण करना और संविधान के मूल सिद्धांत को खत्म करना था।

**विधानसभा अध्यक्ष**

प्रदेश में 6 विधायकों की बर्खास्तगी और तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर राजनीति गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की ओर से इन मामलों में विधानसभा अध्यक्ष के फैसलों पर उठाए गए सवाल के जवाब में आज विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पलटवार करते हुए उन्हें सदन व न्यायालय के फैसले पर गलत बयानबाजी करने से बचने की सलाह दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने

कहा कि अगर विपक्ष के नेता गलत बयानबाजी करने से बाज नहीं आए तो उनके खिलाफ भी सदन की अवमानना के लिए उन्हें मजबूरन कानूनी कार्रवाई अमल में लानी पड़ेगी। पठानिया ने कहा कि 6 विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों के खिलाफ संवैधानिक अधिकार शैड्यूल दस के तहत विधानसभा सचिवालय ने जो कार्रवाई की है, उसे सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने भी सही ठहराया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के 9 विधायकों के खिलाफ चल रहे मामलों पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ये मामला विधानसभा सचिवालय के विचाराधीन है और इसमें सभी को नोटिस भेजे गए हैं, जिसका जवाब भी आ गया है। उन्होंने कहा कि समय आने पर इस पर उचित निर्णय लिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने बीते डेढ़ वर्ष में सदन का संचालन पूरी निष्ठा और निष्पक्षता से किया है, इसके बावजूद विपक्ष के नेता की ओर से गलत बयानबाजी करना सही नहीं है।

**विक्रमादित्य**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग आगामी मॉनसून सीजन के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा 2 सौ 6 जे. सी.बी, एक सौ 10 बुलडोजर, 28 रोबो मशीन, 17 वैलीब्रिज और 13 हजार श्रम शक्ति को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में बहाली व राहत कार्य सुनिश्चित किया जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि विभाग के अधिकारियों को आवश्यकता पड़ने पर और अधिक श्रमशक्ति व मशीनरी की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**नामांकन**

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में होने वाले उप–चुनावों में नामांकन वापसी के बाद अब कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने ये जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन वापसी के अंतिम दिन आज हमीरपुर से निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप कुमार और नालागढ़ से निर्दलीय उम्मीदवार गुरनाम सिंह ने अपना–अपना नाम वापिस लिया जबकि देहरा से किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापिस नहीं लिया। प्रवक्ता ने बताया कि अब नालागढ़ और देहरा विधानसभा क्षेत्रों में पांच–पांच उम्मीदवार जबकि हमीरपुर में तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होगा जबकि 13 जुलाई को मतगणना की जाएगी।

**वार्तालाप**

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के तहत प्रैस इन्फोरमेशन ब्यूरो पी.आई.बी. द्वारा आज शिमला में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के बारे में मीडिया को परिचित कराने के लिए वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये तीन नए कानून देश में एक जुलाई 2024 से लागू होंगे। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून व व्यवस्था अभिषेक त्रिवेदी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि पहली जुलाई से सभी दर्ज मामलों का निपटारा नए आपराधिक कानूनों के तहत किया जाएगा। उन्होंने इन कानूनों को त्वरित न्याय की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नए कानूनों में समय की जरूरतों के अनुरूप कई बदलाव किए गए हैं। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि भारत में अंग्रेजों के समय में बने कानून चले आ रहे थे जिसमें कई खामियां थी लेकिन केन्द्र सरकार ने इनमें संशोधन कर एतिहासिक कदम उठाया है जिसका देश के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने नए कानूनों के बारे में जानकारी के लिए जनजागरूकता पर भी बल दिया। वार्तालाप कार्यक्रम के दौरान अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व वक्ताओं ने भी मीडिया को तीन नए कानूनों के संबंध में जानकारी दी।

## अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस है। नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर वर्ष 26 जून को ये दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नशीले पदार्थों और अवैध तस्करी की समस्या से निपटना है। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य नशीली दवाईयों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक करना है। अभिषेक वर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आहवान करते हुए कहा कि वे अपनी उर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाएं। इसी तरह सोलन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नशामुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। उधर जनजातीय जिला किन्नौर में भी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों व इसकी रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नशे की बुराई पर शिकंजा कसने के लिए इसके विरूद्ध संवेदनशीलता, सतर्कता ओर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।

## उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षा ढांचे में व्यापक बदलाव हुआ है और राज्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई संस्थान स्थापित हुए हैं। ऊना जिले में हरोली विधानसभा क्षेत्र के पालकवाह में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को इन संस्थानों में उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध होने के साथ ही शैक्षणिक ढांचा भी सुदृढ़ हुआ है।

## प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि राहुल गांधी इंडिया गठबंधन की मजबूत आवाज बनकर संविधान की रक्षा और बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसद में विपक्ष की आवाज को बुलंद करेंगे।

## सुखराम चौधरी

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए उस पर अपराधियों को संरक्षण देने के आरोप लगाए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में न कोई नियम है, न कोई आधार, न जन सेवा की भावना और न ही विकास की कोई नीति है। सुखराम चौधरी ने कहा कि हिमाचल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे साफ जाहिर होता है कि राज्य सरकार मुजरिमों को संरक्षण दे रही है।

## मौसम

प्रदेश में 28 से 30 जून तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 28 से 30 जून तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश होगी जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट आएगी। वहीं प्रदेश में मॉनसून भी जुलाई के पहले सप्ताह में दस्तक देगा जिसके बाद और अधिक बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 28 जून से 2 जुलाई तक प्री मॉनसून की एक्टिविटी बढ़ने से बारिश होगी।